प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य हर क्षेत्र का संतुलित और सर्वांगीन विकास सुनिश्चित करना है। चौपाल विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय प्रवास के दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों को आश्वस्त किया कि जनहित से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के लिए अधिकारियों को उचित निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनीं।

योजना

चम्बा जिले में अब तक करीब 200 लोग केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठा चुके हैं। ये योजना हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने एक जागरूकता कार्यक्रम में बताया की इस योजना के तहत घर की छत पर सोलर पैनल लगाने पर 40 प्रतिशत तक सब्सिडी और 6 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंको से ऋण सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को पांगी और भरमौर जैसे दूरदराज क्षेत्रों में भी योजना से संबंधित जन–जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। ये उत्सव पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ है। प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को फायदेमंद बताया है।

शिमला निवासी मंगत राम ने बताया कि जीएसटी सुधारों के बाद उन्हें अब वाहन खरीदने पर काफी फायदा होगा।

*मेरा नाम मंगत राम है। मैं शिमला का रहने वाला हूं। मैं भी काफी समय से जीएसटी खरीदने की सोच रहा हूं, लेकिन जिस तरह से जीएसटी काफी ज्यादा बढ़ रहा था लेकिन अब जीएसटी कम हुआ है और इससे मेरा विचार जल्द ही गाड़ी खरीदने का बन रहा है और जीएसटी कम होने से मेरा कम से कम 80 हजार बच रहा है।*

इसके अलावा सुभाष वर्मा ने बताया कि दवाइयों में जीएसटी की छूट से मरीजों को पहले से काफी सस्ती दवाइयां मिल रही हैं।

*बहुत राहत मिली है, खासकर क्रॉनिक डीजिज, या कैंसर की बीमारियों में ना के बराबर जीएसटी हैं और इसके अलावा भी कई अन्य प्रकार की बीमारियों के लिए जो दवा इस्तेमाल होती है, उसमें भी जीएसटी घटा है। अब इलाज सस्ता हुआ है, दवाइयों के रेट घटे हैं। बहुत अच्छी पहल है सरकार की और स्वागत योग्य कदम है।*

दिवाली

प्रदेश में दिवाली पर्व को लेकर बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। दिवाली पर्व पर बाहरी राज्यों से त्यौहार मनाने लौट रहे प्रदेश के लोगों की सुविधा के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम आज से विशेष बस सेवाएं संचालित कर रहा है। 19 अक्तूबर तक दिल्ली, चंडीगढ़ और बद्दी से प्रदेश के विभिन्न स्थानों के लिए 257 बसें चलाई जाएंगी। इस बीच त्यौहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग, अग्निशमन व पुलिस विभाग भी पूरी तरह सतर्क है।

खेलो इंडिया

खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल 24 नवंबर से राजस्थान के 7 शहरों में आयोजित किए जाएंगे। 12 दिनों तक चलने वाले इन खेलों में पूरे देश के पांच हजार से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार खेलो इंडिया पहल ने एक मज़बूत खेल व्यवस्था का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि ये खेल प्रतिस्पर्धा और सौहार्द के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मज़बूत करेंगे।

सेना भर्ती

भारतीय सेना द्वारा 17 से 24 नवम्बर तक शिमला जिला के रामपुर के प्रिथी मिल्ट्री स्टेशन अवेरीपट्टी में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। सेना भर्ती कार्यालय शिमला के अनुसार ये अग्निवीर भर्ती रैली शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर जिला के युवाओं के लिए होगी।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–मंत्री–विधायकों के वेतन में बढ़ौतरी को मंजूरी, अस्थायी कर्मचारियों को दिवाली से पहले पगार। पंजाब केसरी, दैनिक जागरण और दैनिक सवेरा टाइम्स के एक जैसे शब्द हैं–हिमाचल में माननीयों के वेतन–भत्ते 24 फीसदी बढ़े। दैनिक भास्कर का कहना है–सीएम को मिलेंगे हर माह साढ़े तीन लाख, विधानसभा अध्यक्ष को 3 लाख 45 हजार और विधायक को मिला करेंगे 2 लाख 80 हजार। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–आउटसोर्स–प्रोजेक्ट कर्मियों को दिवाली से पहले मिलेगा मानदेय। हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–आईजीएमसी में गायनी की रोबोटिक सर्जरी होगी शुरू। मौसम पर आपका फैसला की सुर्खी है–हिमाचल प्रदेश के सभी भागों में 23 तक मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान।

———————————